सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 222 | इंदौर, बुधवार 25 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## खुली चिट्ठी

पुष्पेन्द्र पुष्प

### चोला - चरण - वचन का कुछ तो विचार करें ..पूज्यवर !




**मानमर्दन आपका हो या उनका.. सही में तो नकारात्मक प्रभाव इष्ट-शिष्ट, शिष्यों - अनुयायियों सहित सनातन धर्म का ही हो रहा है और होगा..**

**ये कोई दुर्वासा काल नहीं और आपकी ऐसी कोई तप शक्ति भी नहीं है तो राजसत्ता से धर्मसत्ता तालमेल क्यों ना करें..**

**जिस काल में राजनीति का दंड, धर्म दंड से अधिक प्रभावी हो जाए वहां ऐसे समय समझदारी से मध्यगामी होते हुए तदनुरुप जिव्हा का अनुशासन करना चाहिए।**

**धर्म का मुख्य वेश तो प्रेम और सद्भाव का है उसमें ये आत्मकेंद्रित स्वभाव का आना धर्म की गिरावट ही है।**

**आप कोई प्रश्नोत्तरी में भाग नहीं ले रहे आप कोई छोटा या बड़े के अहंकार की प्रतिस्पर्धा में नहीं है कि प्रतिक्रिया देने की तीव्रता आपको बार बार मीडिया की तरफ दौड़ लगवा दे।**

**दो कदम पीछे लीजिए यदि आप उस महान गादी पर विराजित हैं।**

**दो मीठे बोल बोलिए यदि आप उस महान संस्कृति के अनुगामी हैं।**

**दो कठोर शब्दों को क्षमा के साथ बहने दीजिए यदि आप उस महान परंपरा के दृष्टा हैं।।**

**कृपया चोला - चरण - वचन का कुछ तो विचार करें पूज्यवर !**

editor@dgr.co.in

### महाकाल-ओंकारेश्वर का प्रसाद अब स्पीड पोस्ट से

# उज्जैन में ग्रामीण डाक सेवकों का हुआ सम्मान, सीएम बोले- यह एक पुण्य कार्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन के मंच से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग की बदलती भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान देश-विदेश में श्रद्धालुओं की मांग पर अब महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर का लड्डू प्रसाद स्पीड पोस्ट से भेजे जाने की घोषणा की गई।**

यह सम्मेलन मंगलवार शाम को क्षिप्रा तट स्थित कार्तिक मेला ग्राउंड पर आयोजित किया था। इसमें हजारों ग्रामीण डाक सेवक मौजूद थे। जहां केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डाक विभाग की भूमिका को "देश की जीवनरेखा" बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से घोषणा की कि श्रद्धालुओं की मांग को देखते हुए अब महाकालेश्वर मंदिर और ओंकारेश्वर मंदिर का लड्डू प्रसाद डाक विभाग द्वारा पैक कर स्पीड पोस्ट से देशभर में भेजा जाएगा। उन्होंने इस पहल को सिर्फ सेवा नहीं, बल्कि एक पुण्य कार्य बताया।



### यह व्यवस्था समय के साथ आधुनिक होती गई

सीएम यादव ने डाक विभाग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 1854 से शुरू हुई यह व्यवस्था समय के साथ आधुनिक होती गई है और आज डीबीटी, बैंकिंग, बीमा, आधार जैसी योजनाओं के जरिए डाक विभाग आम नागरिक तक सरकार की योजनाएं पहुंचा रहा है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने बताया कि देश में 1.65 लाख से अधिक डाकघरों का नेटवर्क है, जो विश्व में अद्वितीय है। उन्होंने 2030 तक डाक विभाग को 'प्रॉफिट सेंटर' में बदलने का लक्ष्य घोषित किया।

### पोस्ट कार्ड को उज्जैन की यादों के साथ भेजा जा सकेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उज्जैन के दर्शनीय स्थलों के चित्र वाले पोस्ट कार्ड का भी लोकार्पण किया। डाक विभाग द्वारा 20 रुपए कीमत के इन पोस्ट कार्ड को उज्जैन की यादों के साथ भेजा जा सकेगा। मीडिया से बात करते हुए सिंधिया ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट भारत का आयोजन था, न कि किसी राजनीतिक दल का। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान अशोभनीय व्यवहार से देश की छवि को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया, जिसकी निंदा अन्य दलों ने भी की।

# मध्यप्रदेश को नई रेल सुविधाओं की निरंतर सौगात भोपाल-धनबाद-चौपन एक्सप्रेस का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार की शाम भोपाल के मुख्य रेलवे स्टेशन से नई भोपाल-धनबाद-चौपन एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को नई रेल और रेल सुविधाओं की निरंतर सौगात मिल रही है, जो प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इस नई ट्रेन का मार्ग बीना-सागर-मुड़वारा होकर सिंगरौली, धनबाद और चौपन तक जाएगा। सप्ताह में तीन दिन ट्रेन सीधी सिंगरौली, तीन दिन धनबाद, और एक दिन चौपन तक पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह नई सुविधा प्रदेश के यात्रियों को समय की बचत और बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, साथ ही व्यापार, खनन और उद्योग क्षेत्र को भी नई गति मिलेगी।



डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को लगातार रेल विकास के नए अवसर मिल रहे हैं। हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट ने जबलपुर-गोंदिया रेल लाइन का दोहरीकरण मंजूर किया है। इसके साथ ही इंदौर-मनमाड रेल लाइन सहित प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में रेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। वंदे भारत और मेट्रो ट्रेन की स्पीड बढ़ाई जा रही है, और छह अमृत भारत स्टेशनों का पुनर्विकास तथा 80 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। करीब 3,000 करोड़ रुपये की लागत से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं दी जाएँगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई ट्रेन के चलते मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखंड के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा। धनबाद तक जाने वाली ट्रेन 30 स्टेशनों को और चौपन तक जाने वाली ट्रेन 15 प्रमुख स्टेशनों को जोड़ेगी। इसके अलावा, जबलपुर-गोंदिया रेल लाइन के दोहरीकरण से पर्यटन, धार्मिक गतिविधियां और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्रता के बाद से भोपाल से सिंगरौली क्षेत्र तक सीधी रेल सेवा की मांग चल रही थी। मध्यप्रदेश में रेल परियोजनाओं का विस्तार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि दानकुनी-सूरत डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, लगभग 2,000 किलोमीटर लंबा रेल प्रोजेक्ट, पश्चिम बंगाल से गुजरात को जोड़ेगा और प्रदेश के उद्योगों को लाभान्वित करेगा।

### जनगणना के लिए इंदौर जिले में व्यापक तैयारियां

# जनगणना से जुड़े अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

## कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने किया शुभारंभ, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित कार्य के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय के सभागृह (कक्ष क्रमांक 210) में जनगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह प्रशिक्षण विभिन्न चरणों में आयोजित किया जाएगा।**



कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी जिला इंदौर श्री शिवम वर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को संबोधित करते हुए जनगणना कार्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आंकड़ों के आधार पर शासन की योजनाओं का निर्माण एवं संसाधनों का समुचित वितरण किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा फील्ड में कार्य करते समय पूर्ण सावधानी, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का परिचय दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें।

प्रथम चरण के प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्रीमती निशा डामोर सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद महू एवं उनका जनगणना लिपिक, समस्त तहसीलदार एवं उनका एक जनगणना लिपिक, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO) नगर परिषद एवं उनका एक जनगणना लिपिक, जिला योजना अधिकारी, जिला विज्ञान सूचना अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा (DUDA), जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित हुए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 फरवरी को भी प्रातः 10:30 बजे से सायं 5 बजे तक कक्ष क्रमांक 210 कलेक्टर सभागृह में होगा। सभी संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी प्रकार नगर पालिका निगम के अधिकारी एवं उनके जनगणना लिपिक तथा नगर निगम के समस्त जोनल अधिकारी एवं उनके एक जनगणना लिपिक के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 एवं 27 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे से सायं 5 बजे तक कक्ष क्रमांक 210 कलेक्टर सभागृह में आयोजित किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथियों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं, प्रपत्रों के संधारण, डिजिटल मॉड्यूल, डेटा की शुद्धता तथा कार्य के विभिन्न चरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# भिक्षावृत्ति से शिक्षा की ओर - 40 बच्चों के जीवन में नई सुबह



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर जिले में जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल ने 40 बच्चों के जीवन की दिशा बदल दी। कभी सड़कों और चौराहों पर भिक्षावृत्ति में संलग्न रहने वाले परिवारों के ये बच्चे अब स्कूल की कक्षाओं में बैठकर अपने सपनों को आकार दे रहे हैं। भिक्षुक मुक्त इंदौर अभियान के अंतर्गत प्रशासन ने इन बच्चों की पहचान कर न केवल उनका पुनर्वास किया, बल्कि उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य भी किया।

सुदामा नगर स्थित शारदा माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को उनकी आयु के अनुसार प्रवेश दिलाया गया। प्रवेश के साथ ही उन्हें स्कूल किट, यूनिफॉर्म और आवश्यक शिक्षण सामग्री प्रदान की गई, जिससे बच्चों और उनके परिजनों में उत्साह और आत्मविश्वास दोनों बढ़ा।

इस पहल का सबसे भावुक क्षण तब देखने को मिला जब बच्चे और उनके परिजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करने जनसुनवाई के दिन आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बच्चों से आत्मीयता से मुलाकात की, उन्हें बिस्कुट और शिक्षण सामग्री वितरित की तथा पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा दी।

कलेक्टर श्री वर्मा ने बच्चों से कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो जीवन को बदल सकती है। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन, मेहनत और साफ-सफाई भी उतनी ही जरूरी है जितनी पढ़ाई। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में बच्चों को जो भी आवश्यकता होगी, जिला प्रशासन उनके साथ खड़ा रहेगा।

इस पहल से बच्चों के माता-पिता के चेहरों पर भी उम्मीद की चमक दिखाई दी। जिन परिवारों के लिए रोज़ी-रोटी ही सबसे बड़ी चिंता थी, उनके बच्चों के हाथों में अब किताबें हैं और आंखों में भविष्य के सपने।

आज ये 40 बच्चे सिर्फ स्कूल में दाखिल नहीं हुए हैं, बल्कि उनके जीवन में सम्मान, अवसर और उम्मीद की एक नई शुरुआत हुई है। जिला प्रशासन की यह पहल साबित करती है कि यदि शासन और समाज मिलकर प्रयास करें तो भिक्षावृत्ति जैसी समस्या को भी शिक्षा के माध्यम से स्थायी रूप से कम किया जा सकता है।

### जनसुनवाई सम्पन्न

# कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने नागरिकों की समस्याएं संवेदनशीलता से सुनी और किया त्वरित निराकरण

- मुक्ति धाम विकास के लिए स्वीकृत राशि पर नागरिकों ने जताया आभार; ब्लड कैंसर से जूझ रही बच्ची ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को कहा धन्यवाद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।**

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आमजन से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

जनसुनवाई के दौरान ड्यूटी के समय दुर्घटना में घायल एक नगर निगम कर्मी श्री किरण गर्दे का मामला भी सामने आया। इस पर संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगम कर्मी का पूर्ण एवं समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी दौरान महूगांव स्थित मुक्ति धाम की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 2 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिए जाने पर मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करने स्थानीय प्रतिनिधि कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर श्री शिवम वर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने बताया कि स्वीकृत राशि से मुक्ति धाम में आवश्यक सुविधाओं का विकास होगा, जिससे आमजन को बेहतर व्यवस्थाएं मिल सकेंगी।

जनसुनवाई में ब्लड कैंसर से जूझ रही एक बच्ची भी अपने पिता श्रीकांत प्रजापत के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंची और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया। बच्ची के पिता ने बताया कि इंदौर के सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में बच्चों के उपचार के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही बच्चों के मानसिक उत्साह को बनाए रखने के लिए अस्पताल में प्ले जोन और अध्ययन की व्यवस्था भी करायी गई है, उन्होंने इस पहल को सराहनीय बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में कई आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मुख्य रूप में प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण रहे। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारियों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य ने जनसुनवाई में भाग लेकर नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुना और उनका निराकरण किया।

# आईटीआई इंदौर से पीयूष राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता हेतु चयनित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वावधान में इंडियन स्किल 2025-26 रीजनल प्रतियोगिता (वेस्टर्न रीजन) का आयोजन गुजरात के गाँधीनगर में किया गया। विश्व कौशल प्रतियोगिता- 2026 के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता में इंदौर के संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्रशिक्षणार्थी श्री पीयूष राणे ने रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग व्यवसाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल तथा 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि अर्जित की। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ ही श्री पीयूष राणे का चयन मार्च माह में नई दिल्ली में आयोजित होने वाली नेशनल स्किल स्पर्धा में भी हुआ है।



प्रतियोगिता से संस्था आगमन पर संयुक्त संचालक कौशल विकास इंदौर संभाग श्री सतीश मोरे, प्राचार्य श्रीमती रीना सोलंकी, प्राचार्य वर्ग 2 श्री गौरव आर्य, उप प्राचार्य श्री जी. आर. अम्बोदिया सहित संस्था के समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा श्री पियूष का स्वागत कर उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर संयुक्त संचालक एवं प्राचार्य द्वारा श्री पीयूष को भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए संस्था की ओर से हर संभव तकनीकी सहायता देने का आश्वासन भी दिया गया।

# पांच बेटियों ने मां की अर्थी को दिया कंधा


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ममता, संस्कार और समाज सेवा की मिसाल सामने आई है। दरअसल, सुदामा नगर निवासी 79 वर्षीय संतोष वर्मा के निधन के बाद उनकी पांच बेटियों ने न केवल उनकी अर्थी को कंधा दिया, बल्कि मां की अंतिम इच्छा और उनके परोपकारी स्वभाव को देखते हुए उनकी बॉडी मेडिकल रिसर्च के लिए दान कर दी। शासन की ओर से इस काम के लिए स्व. संतोष वर्मा को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।**



बेटी मृदुला ने बताया कि हमें मां ने शुरू से ही काफी अच्छे संस्कार दिए। एक-एक कर जब पांचों बेटियों की शादी हो गई तो वह खुद ही अकेले रहती थीं और सारे काम कर लेती थीं। 10 साल से सभी बेटियों ने उन्हें अलग-अलग दौर में अपने साथ रखा और खूब सेवा की। कुछ साल से वह पूरी तरह व्हीलचेयर पर ही थीं। आखिरी समय में वह बड़ी बेटी कुमुदिनी के पास थीं। इस दौरान भी सभी बेटियों ने वहां जाकर उनकी सेवा की। एक हफ्ते से वह बीमार थीं। सोमवार को उनके निधन के बाद सभी बहनों ने आपसी सहमति से उनकी आंखें, त्वचा और देह दान करने का निर्णय लिया। यह अवसर समाज को एक संदेश दे गया कि मृत्यु के बाद भी जीवन को अर्थपूर्ण बनाया जा सकता है। इस मार्मिक क्षण में पांचों बेटियों ने अपनी मां की अर्थी को कंधा दिया। अंत्येष्टि क्रिया गायत्री परिवार की परंपरा अनुसार प्रतीकात्मक रूप से हवन और मंत्रोच्चार के माध्यम से की गई। सोमवार को जब संतोष वर्मा ने अंतिम सांस ली तो पांचों बहनों ने आपसी सहमति से एक बड़ा निर्णय लिया। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के माध्यम से उनकी आंखें दान की गईं, जिससे दो अंधे व्यक्तियों की जिंदगी में उजाला हो सकेगा। उनकी त्वचा (स्किन) भी डोनेट की गई, जो किसी गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति के काम आएगी। अंत में उनकी देह को मेडिकल रिसर्च सेंटर को सौंप दिया गया, ताकि भावी डॉक्टर्स चिकित्सा के गुर सीख सकें।

# इच्छामृत्यु तख्तियों की माला पहन कर कलेक्टर से मांगी अनुमति



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जनवरी 2025 में अवैध निर्माण के नोटिस को लेकर शुरू हुआ विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। इस मामले में नगर निगम के पूर्व कर्मचारी यतीन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन देकर इच्छा मृत्यु की अनुमति की मांग की है।**

पिछले साल यह पूरा विवाद तब सामने आया था जब अवैध निर्माण का नोटिस चस्पा करने को लेकर भाजपा पार्षद कमलेश कालरा का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल ऑडियो में पार्षद द्वारा निगम कर्मचारी यतीन्द्र के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और नौकरी से निकालने की धमकी देने का आरोप लगा था। मामला बढ़ते-बढ़ते दो पार्षदों के बीच विवाद तक पहुंच गया था। विवाद के दौरान पार्षद कमलेश कालरा के घर पर कुछ लोगों द्वारा हमला किए जाने की घटना भी सामने आई थी। इस पूरे प्रकरण में भाजपा पार्षद जीतू यादव के खिलाफ पार्टी स्तर पर कार्रवाई की गई थी। वहीं, बाद में निगम कर्मचारी यतीन्द्र यादव को नौकरी से हटा दिया गया था।

मंगलवार को यतीन्द्र यादव गले में तख्तियों की माला पहनकर पहुंचे। इन पर लिखा था "कलेक्टर साहब इच्छा मृत्यु की अनुमति दीजिए", "एक साल से इंसाफ नहीं मिला, अब इच्छा मृत्यु", "ईमानदारी की मुझे कीमत मिली इच्छा मृत्यु", "मेरे मर जाने के बाद मेरे परिवार से यह दाग हटा देना', "सब निगमकर्मी मेरी मृत्यु से सबक लेना'। यह देख वहां मौजूद लोग, अधिकारी और कलेक्टर शिवम वर्मा भी अवाक रह गए।

यतीन्द्र कलेक्टर को आवेदन सौंपते हुए कहा कि घटना के बाद उनकी बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्षद के प्रभाव के कारण उन्हें नौकरी से निकाला गया। यतीन्द्र ने आवेदन में उल्लेख किया कि 15 वर्षों की सेवा के दौरान उनके खिलाफ कभी कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई थी। वर्तमान में वे और उनका परिवार सामाजिक तानों, आर्थिक संकट और मानसिक अवसाद से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे आत्महत्या नहीं करना चाहते, लेकिन परिस्थितियों से परेशान होकर इच्छा मृत्यु की अनुमति की मांग कर रहे हैं।

देर रात बदमाशों ने किया

# पांच कॉलोनियों में कारों पर पथराव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चंदन नगर क्षेत्र में सोमवार रात बदमाशों ने एक के बाद एक कई वाहनों के कांच फोड़ दिए। मंगलवार सुबह जब रहवासी जागे तब घटना की जानकारी सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।**

चंदन नगर थाना पुलिस के अनुसार राजनगर, रामानंद नगर, नंदन नगर, दामोदर नगर और पंचमूर्ति नगर में देर रात वाहनों को निशाना बनाया गया। करीब एक दर्जन वाहनों के कांच तोड़े गए हैं। इनमें पूर्व पार्षद राजेश चौहान की कार भी है। एक कार में ईंट भी मिली है। सूचना के बाद डायल 112 और बीट के जवान मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात 8 बजे के बाद क्षेत्र में नशेड़ी सक्रिय हो जाते हैं। कई बार इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। रहवासियों के मुताबिक 15



से ज्यादा गाड़ियों के कांच फोड़े गए हैं, जबकि पुलिस के अनुसार चंदन नगर में 2, एरोड्रम, छत्रीपुरा और मल्हारगंज क्षेत्र में मिलाकर करीब 6 कारों के कांच तोड़े गए हैं। पूर्व पार्षद राजेश चौहान के अलावा अंकित बहनिया, जितेंद्र धारवा और भाऊ साहब की कारें तोड़ी गई हैं। अंकित ने बताया कि वह टैक्सी के रूप में टवेरा चलाते हैं। जितेंद्र भी टैक्सी का काम करते हैं, जबकि भाऊ साहब भी इसी व्यवसाय से जुड़े हैं। अन्य प्रभावित लोगों की जानकारी उन्हें नहीं है। राजनगर के रहने वाले प्रदीप दुबे ने बताया कि आज करीब ढाई से तीन बजे के बीच उनकी गाड़ी का कांच तोड़ दिया गया। आसपास खड़ी चार-पांच अन्य गाड़ियों के कांच भी फूटे हुए थे। सुबह उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी गाड़ी का शीशा टूटा हुआ है। उन्होंने बताया कि गाड़ी में कुछ सामान रखा था, इसलिए आशंका थी कि चोरी के इरादे से कांच तोड़ा गया होगा। हालांकि ऐसा नहीं था, सामान अंदर रखा था, सिर्फ कांच तोड़ा गया। जब वे मौके पर पहुंचे तो गाड़ी के अंदर ईंट के टुकड़े पड़े मिले। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन आसपास कुछ संदिग्ध लोगों को देखे जाने की जानकारी मिली है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि कुछ बदमाशों द्वारा गाड़ियों के शीशे तोड़ने की घटना सामने आई है। थाना चंदननगर क्षेत्र में, राजनगर वॉकर मॉल के पास, देर रात लगभग साढ़े तीन से चार बजे के बीच कुछ अज्ञात लोगों ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कांच फोड़ दिए। मामले में अब तक 6 फरियादी सामने आए है। इधर, छत्रीपुरा पुलिस ने 3 आरोपियों को पकड़ लिया है।

# हाईस्कूल का पेपर बिगड़ने पर छात्रा ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल परीक्षा में संस्कृत का पेपर बिगड़ने से तनाव में आई छात्रा ने सोमवार को सुसाइड कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पोस्ट मार्टम के बाद मंगलवार को शव परिजनों को सौंप दिया है। छात्रा के पिता ने बताया कि पिछला पेपर बिगड़ने से छात्रा तनाव में थी। वह केशव अकादमी में पढ़ती थी। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक रामानंद नगर निवासी 16 वर्षीय पलक पुत्री विजय श्रीवास्तव ने अपने घर के कमरे में सोमवार शाम को फांसी लगा ली थी। घटना के समय मां और पिता काम पर गए थे और छोटी बहन स्कूल से नहीं लौटी थी। शाम को मां घर पहुंची तब घटना का पता चला। फिर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव पोस्ट मार्टम के लिए मर्चुरी भेजा। छात्रा के पिता विजय श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि पलक पिछला पेपर बिगड़ने के कारण तनाव में थी। पलक ने 19 फरवरी को संस्कृत का पेपर दिया था, जो अच्छा नहीं गया था। आज उसे गणित उसका पेपर था। टीआई तिलक करोले के मुताबिक माता-पिता के अभी पूरी तरह से बयान में यह बात सामने नहीं आ रही है। मामले की जांच की जा रही है।

# तालाबों में आने वाली सभी चैनल लाइनों की भी सफाई कराने के निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने मंगलवार को बिलावली तालाब, लिंबोदी तालाब, पिलपिया पाला तालाब और सिरपुर तालाब पहुंचकर वहां की स्थिति देखी। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए वे तालाबों की स्थिति देखने पहुंचे थे।

निगमायुक्त ने बारिश के मौसम में पानी भराने और पानी की निकासी की संभावित समस्याओं को देखते हुए तालाबों की चैनल लाइन, इनलेट-आउटलेट व्यवस्था और ओवरफ्लो संरचनाओं को भी देखा। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि तालाबों में आने वाली सभी चैनल लाइनों की जल्द साफ-सफाई करवाए, ताकि बारिश के मौसम में जल प्रवाह में कोई दिक्कत ना आए। साथ ही तालाबों की तलहटी और आसपास जमा जलकुंभी, गाद, कचरा और अवांछित सामग्री को हटाकर पूरी सफाई का काम समय में पूरा करें। इसके अलावा तालाबों के आसपास के परिसर और पाथ-वे के पास अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने को बोला है। निगमायुक्त ने बिलावली, लिंबोदी, पिपलिया पाला और छोटा सिरपुर तालाब की विशेष रूप से अभियान चलाकर जलकुंभी हटाने, कचरा साफ करने और सफाई करने के साथ ही तालाबों के आसपास तालाब में कचरा नहीं डालने के चेतावनी बोर्ड लगाने को कहा है। निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, श्रृंगार श्रीवास्तव, सहायक यंत्री आकाश जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएम का ऐलान... उड़द पर ₹600 प्रति क्विंटल बोनस, भगोरिया बनेगा राष्ट्रीय पर्व

# जनजातीय क्षेत्रों में होगी सरकार की पहली कृषि कैबिनेट बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मंगलवार विधानसभा के बजट सत्र का आज सातवां दिन रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन में कहा कि मालवा अंचल के जनजातीय क्षेत्रों में मनाए जाने वाले भगोरिया लोकपर्व को सरकार ने राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का फैसला लिया है।**

मुख्यमंत्री ने बताया कि जनजातीय बहुल जिलों बड़वानी, धार और झाबुआ में सरकार कृषि कैबिनेट करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि भगोरिया पर्व के दौरान ही कृषि कैबिनेट की बैठक की जाएगी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मेट्रो परियोजना से किसी भी कब्रिस्तान पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। पुराने भोपाल में प्रस्तावित मेट्रो रूट के तहत कब्रिस्तान की दीवार का कुछ हिस्सा प्रभावित हो रहा है, जिसे दोबारा बना दिया जाएगा। कब्रिस्तान एक संवेदनशील विषय है और इसे किसी भी स्थिति में नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। इस मामले में भ्रम की स्थिति नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने



घोषणा की कि जल्द ही सीएम जन भागीदारी योजना शुरू की जाएगी। इंदौर में 36 करोड़ रुपए की सड़क जन भागीदारी से बनवाई गई थी, जिसमें जनता की भागीदारी रही। जो नगर निगम और नगर पालिकाएं इस दिशा में विशेष रूप से काम करेंगी, उन्हें विशेष फंड दिया जाएगा।

नगरी विकास और आवास विभाग की अनुदान मांगों पर कटौती प्रस्ताव नामंजूर करने के बाद विभाग का बजट मंजूर किया गया। विधानसभा की कार्यवाही कल सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इधर, सीएम ने बताया कि किसानों के हित में की गई घोषणाओं को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार उड़द के उपार्जन पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देगी। वहीं, सरसों के लिए 71 लाख टन उत्पादन मानते हुए भावांतर योजना के तहत भुगतान किया जाएगा। सरसों उत्पादन 28% बढ़ने का अनुमान है। विधानसभा में कांग्रेस विधायक झूमा सोलंकी ने खरगोन के भीकनगांव, झिरन्या और महेश्वर क्षेत्र में जमीन बंदोबस्त नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड में गड़बड़ी से लोगों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस विधायक राजन मंडलोई ने भी समर्थन किया। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि गड़बड़ी हो तो कलेक्टर या तहसीलदार को आवेदन दें, जांच कर सुधार किया जाएगा। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि अपर मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए हैं कि तीन महीने के भीतर सभी नगर निगम आयुक्तों की बैठक बुलाकर जमीन फ्रीहोल्ड करने के मामलों में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इससे नगर निगम और नगर पालिकाओं की आय बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि बिजली ऑडिट कराए जाने के बाद बिजली बिल में 25 प्रतिशत की कमी आई है। सभी वाहनों में जीआईएस सिस्टम लागू कर दिया गया है, जिससे डीजल की खपत कम हुई है।

### मंत्री विजयवर्गीय बोले- सीएम जन भागीदारी योजना करेंगे शुरू

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि फेसलेस नक्शा पास करने की तकनीक लागू करने की तैयारी है। इसको लेकर योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संपन्नता के कारण वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है और देश में सर्वाधिक वाहन इंदौर में हैं। मंत्री ने घोषणा की कि जल्द ही सीएम जन भागीदारी योजना शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि इंदौर में 36 करोड़ रुपए की सड़क जन भागीदारी से बनवाई गई थी, जिसमें जनता की भागीदारी रही। जो नगर निगम और नगर पालिकाएं इस दिशा में विशेष रूप से काम करेंगी, उन्हें विशेष फंड दिया जाएगा। सीएम नगर वन योजना भी शुरू की गई है। सीएम जन भागीदारी योजना में 25 से 50 प्रतिशत तक फंड जनसहभागिता से जुटाने का प्रस्ताव है। हालांकि, अंतिम निर्णय विधायकों और नगर निगम-नगर पालिका के पदाधिकारियों से चर्चा के बाद लिया जाएगा।

### उज्जैन में सीसीटीवी से दो बड़ी चोरियों का खुलासा

## तीन आरोपी गिरफ्तार, 5 लाख के जेवरात-नकदी बरामद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से दो अलग-अलग चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। इन मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से करीब पांच लाख रुपये के जेवरात और नकदी बरामद की गई है। एक चोरी सूने मकान में हुई थी, जबकि दूसरी ट्रेवल्स ऑफिस में।**

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि जनवरी माह में कृष्णा परिसर निवासी विपिन कुमार ढोणे के सूने मकान में चोरी हुई थी। अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लगभग पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चुरा ली थी। इस संबंध में नानाखेड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने आसपास के 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें दो संदिग्ध व्यक्ति नजर आए। जांच के बाद उनकी पहचान इंदौर के बांगड़दा क्षेत्र निवासी तरुण वर्मा और टिंगरिया बादशाह विशाल पैलेस कॉलोनी निवासी अमन पाल के रूप में हुई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात और नकदी बरामद कर ली है।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे सूने मकानों की रेकी करते थे। फरियादी विपिन कुमार ढोणे 17 जनवरी को परिवार सहित मुंबई गए थे और 25 जनवरी को लौटने पर उन्हें अपने घर का ताला टूटा मिला था।

इस खुलासे में सीएसपी श्वेता गुप्ता और टीआई नरेंद्र यादव के नेतृत्व वाली टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दूसरी वारदात दूधतलाई स्थित अशोक ट्रेवल्स के गोदाम में हुई। सोमवार रात करीब 2 बजे एक युवक छत के रास्ते गोदाम में घुसा और दराज से लगभग 15 हजार रुपए चुरा ले गया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी अशोक, जो गुना का निवासी है, को गिरफ्तार कर लिया गया। देवासगेट थाना पुलिस ने उसके पास से चोरी की गई राशि बरामद कर ली है।

# पूर्व सीएम उमा भारती के परिजनों को हाइड्रोजन-बम से उड़ाने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़, एजेंसी। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के परिजन को टीकमगढ़ में बम से उड़ाने की धमकी मिली है। उनकी भतीजा बहू और जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल लोधी ने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

उमिता राहुल लोधी ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने 21 फरवरी को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की थी। इसी पोस्ट पर 22 फरवरी की देर रात 10.30 बजे 'जीडब्ल्यू बृजेंद्र कुशवाहा' नामक एक आईडी से धमकी भरा कमेंट आया। इसमें लिखा था- हमारे पास हाइड्रोजन बम है। हम बनाना जानते हैं नेताओं को हम खुद ही मारेंगे।

इस कमेंट में उमिता और उनके पति, पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी को जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उमिता



लोधी ने तुरंत उस कमेंट का स्क्रीनशॉट ले लिया। कमेंट के कुछ ही घंटों बाद दो नकाबपोश युवक उनके बंगले पर भी धमकाने पहुंच गए। ब्रिजेंद्र कुशवाह नाम की आईडी से किया कमेंट...तेरे बेटे को भुगतना है। हमारे पास हाइड्रोजन बम है। हम बनाना जानते हैं...

**नेताओं को हम खुद ही मारेंगे, तुम लोगों को ही मार के लेकर जाएंगे-** हाइड्रोजन बम 30 दिन बाद फोडूंगा, हमें ढूंढने से पहले भ्रष्टाचारियों को खोजो तो खैर है... वरना हम कुछ भी कर सकते हैं...

उसी रात करीब 11 बजे, जब उमिता लोधी देहात थाना क्षेत्र स्थित अपने बंगले पर थीं, तो दो अज्ञात युवक उनके बंगले के सामने पहुंचे। इन युवकों ने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। उमिता लोधी ने उन्हें छज्जे से देखा। आरोप है कि युवकों ने उन्हें देखते ही गालियां देना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दोहराई। अगले दिन, 23 फरवरी को उन्होंने देहात थाने पहुंचकर पूरी घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 296(बी), 351(3), और 3(5) के तहत FIR दर्ज की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बंगले और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। इसके साथ ही, साइबर पुलिस की टीम उस सोशल मीडिया आईडी की जांच में जुट गई है, जिससे यह धमकी दी गई थी

## परीक्षा देते समय 10वीं की छात्रा की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** बानमौर के पंडित नेहरू पार्ट टू परीक्षा केंद्र पर मंगलवार को 10वीं बोर्ड का गणित का पेपर देते समय एक छात्रा अचानक बेहोश हो गई। स्कूल स्टाफ और परिजन उसे तुरंत ग्वालियर के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्रा की पहचान सेंट पॉल स्कूल की वर्षा कुशवाह के रूप में हुई है। फिलहाल, ग्वालियर के मुरार सरकारी अस्पताल में छात्रा का पोस्टमार्टम चल रहा है और बानमौर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शिक्षा अधिकारियों को अभी इस बात की पूरी जानकारी ही नहीं है। प्राथमिक रिपोर्ट के आधार पर अभी सिर्फ यह सामने आया है कि छात्रा अतिकुपोषित थी, गंभीर एनीमिया से भी पीड़ित थी। इस कारण संभवतः हार्ट अटैक आया होगा। अधिक स्पष्ट पीएम रिपोर्ट में सामने आएगा।

## हाईवे टोल पर फायरिंग कर भागे युवक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर-भिंड हाईवे पर स्थित बरैठा टोल प्लाजा पर सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बाइक सवार दो युवकों ने टोल बूथ पर पिस्टल से फायरिंग की। फिर धमकी भरी चिट्ठी फेंककर मौके से फरार हो गए। पूरी घटना टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, बदमाश सिक्स लेन सड़क बनाने की मांग को लेकर टोल प्लाजा पहुंचे थे। चिट्ठी में उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखा है कि "सरकार अंधी हो चुकी है" और "आकाश जैसा अब कोई नहीं मरेगा"। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवकों ने चिट्ठी में लिखा है- 'हाईवे बनाओ या टोल हटाओ। आकाश भदौरिया जैसा अब कोई नहीं मरेगा।' बदमाशों ने नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि चाहे उन्हें अपने फ्लैट बेचने पड़े, लेकिन ग्वालियर-भिंड हाईवे का काम तुरंत शुरू होना चाहिए।

ज्ञान-विज्ञान

# संपादकीय

## पश्चिमी एशिया में नया एक्सिस: भारत के कंधों पर बढ़ती जिम्मेदारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 फरवरी, बुधवार को दो दिन के राजकीय दौरे पर इजरायल जा रहे हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले हफ्ते इसकी घोषणा करते हुए कहा था कि इस यात्रा से 'कट्टरपंथी' विरोधियों का मुकाबला करने के लिए एक नया गठबंधन बनाने में मदद मिलेगी। नेतन्याहू ने रविवार को कैबिनेट मीटिंग की शुरुआत में इजरायल की संसद का जिक्र करते हुए कहा, ''बुधवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां पहुंचेंगे; वह नेसेट में भाषण देंगे।'' वहीं प्रधानमंत्री मोदी को भी नेतन्याहू से बातचीत का बेसब्री से इंतजार है। नेतन्याहू ने दोनों देशों के बीच बढ़ते रिश्तों की तारीफ की। उन्होंने कहा, ''रिश्तों का ताना-बाना और मजबूत हुआ है, और (मोदी) यहां आ रहे हैं ताकि हम इसे और भी मजबूत कर सकें।'' नेतन्याहू ने आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग का जिक्र किया। पीएम मोदी ने 2017 में प्रधानमंत्री के तौर पर इजरायल का दौरा किया था। इसके बाद नेतन्याहू अगले साल भारत आए थे। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल-भारत धुरी एक बड़े क्षेत्रीय गठबंधन का हिस्सा होगी जिसे 'हेक्सागन' कहा जाएगा ताकि आम ''कट्टरपंथी'' दुश्मनों का मुकाबला किया जा सके। असल में, 'हेक्सागन ऑफ अलायंस' नेतन्याहू की तरफ से शुरू किया गया एक प्रस्तावित छह-देशों का स्ट्रेटेजिक फ्रेमवर्क है, जिसका मकसद पश्चिमी एशिया और मेडिटेरेनियन में आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना है। इसका मकसद ईरान के असर (रेडिकल शिया एक्सिस) और दूसरे क्षेत्रीय खतरों का मुकाबला करना है। इस ग्रुप में इजरायल, इंडिया, ग्रीस, साइप्रस और कुछ अरब/अफ्रीकी देश शामिल हैं। नेतन्याहू ने कहा, ''मेरे सामने जो विजन है, उसके हिसाब से हम एक पूरा सिस्टम बनाएंगे।' असल में मिडिल ईस्ट के आसपास या उसके अंदर गठबंधन का एक 'हेक्सागन' है। इसमें इंडिया, अरब देश, अफ्रीकी देश, मेडिटेरेनियन देश (ग्रीस और साइप्रस), और एशिया के देश शामिल हैं, जिनके बारे में मैं अभी डिटेल में नहीं बताऊंगा।'' उन्होंने कहा कि वह भविष्य में अपने प्लान के बारे में और डिटेल में बताएंगे। नेतन्याहू ने कहा, ''यहां मकसद ऐसे देशों का एक एक्सिस बनाना है जो असलियत, चुनौतियों और लक्ष्यों पर रेडिकल एक्सिस, दोनों रेडिकल शिया एक्सिस, जिस पर हमने बहुत जोरदार हमला किया है, और उभरती हुई रेडिकल सुन्नी एक्सिस के खिलाफ एक जैसी राय रखते हों।''

### आसमान में दिखने जा रहा अनोखा नजारा

# 56 मिनट के लिए खून जैसा सुर्ख लाल हो जाएगा चांद का रंग



खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों के लिए आसमान में एक खास नजारा देखने का मौका करीब आ रहा है। यह मौका अगले महीने की शुरुआत में होगा, जब पूर्ण चंद्र ग्रहण लगेगा। इस दौरान आसमान में चंद्रमा का रंग लाल दिखेगा, जो ना सिर्फ वैज्ञानिक रुझान रखने वालों बल्कि आम लोगों के लिए भी एक शानदार अनुभव होगा। इस चंद्र ग्रहण को दुनिया के बड़े हिस्से के साथ भारत में भी देखा जा सकेगा।

अगले महीने, 3 मार्च को दुनिया को पूर्ण चंद्र ग्रहण देखने को मिलेगा। इस दौरान चांद 56 मिनट यानी करीब एक घंटे तक तक गहरे लाल रंग का नजर आएगा। चांद के लाल होने की इस घटना को ब्लड मून कहा जाता है। ब्लड मून तब होता है, जब पृथ्वी चांद तक सीधी धूप पहुंचने से रोकती है। पृथ्वी सीधे सूरज और चांद के बीच आ जाती है, जिससे चांद की सतह पर उसकी छाया पड़ती है।

### एशिया के लोग देख सकेंगे ग्रहण

यह चंद्र ग्रहण भारत-पाकिस्तान समेत तकरीबन पूरे एशिया में देखा जा सकेगा। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों में भी यह ग्रहण दिखेगा। ऐसे में दुनिया भर के स्काईवॉचर्स 3 मार्च, 2026 को एक शानदार पूर्ण चंद्र ग्रहण की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि इसके समय में कुछ फर्क रहेगा।

ग्रहण के दौरान दिखने वाला चांद का लाल रंग सूरज की रोशनी के पृथ्वी के एटमॉस्फियर से गुजरने की वजह से आता है। नीली रोशनी ज्यादा आसानी से फैलती है, जबकि लाल वेवलेंथ चांद की ओर मुड़ती हैं। इससे उसे कॉपर या क्रिमसन रंग की चमक मिलती है। यह सूर्योदय और सूर्यास्त के समय दिखने वाले रंगों जैसी होती है।

### नंगी आंखों से देख सकते हैं चंद्र ग्रहण

सूर्य ग्रहण को सीधे देखने के लिए मना किया जाता है। इसके उलट चंद्र ग्रहण नंगी आंखों से देखने के लिए पूरी तरह से सुरक्षित हैं। चंद्र ग्रहण को देखने के लिए किसी विशेष चश्मे की जरूरत नहीं है। हालांकि इस क्षेत्र में अध्ययन करने वाले एक्सपर्ट जरूर दूरबीन या टेलिस्कोप जैसे यंत्रों का इस्तेमाल करते हैं।

# डायनासोर के 7 करोड़ साल पुराने अंडे की खोज, अंदर हो सकता है बच्चा, वैज्ञानिकों में क्यों दौड़ी खुशी की लहर

साउथ अमेरिका में डायनासोर का एक फॉसिल वाला अंडा मिला है। इस खोज ने डायनासोर की जिंदगी के बारे में समझ बेहतर होने की वैज्ञानिकों की उम्मीदों को बढ़ा दिया है। साइंटिस्ट इसे एक बड़ी खोज बता रहे हैं। यह अंडा करीब 70 मिलियन साल (7 करोड़) पुराना माना जा रहा है लेकिन इसे बहुत अच्छी तरह संभालकर रखा गया है और इसमें बच्चा हो सकता है। इस अंडे पर रिसर्च से पता चल सकता है कि डायनासोर कैसे पले-बढ़े थे।

यह अहम खोज अर्जेंटीना के नेचुरल साइंसेज म्यूजियम में वर्टीब्रेट के कम्पेरेटिव एनाटॉमी और इवोल्यूशन की लेबोरेटरी ने की है। पैलियोन्टोलॉजिस्ट फेडेरिको एग्नोलिन और उनके साथी मैटियास मोट्टा का मानना है कि यह साउथ अमेरिका में मिला मांसाहारी डायनासोर का पहला पूरा अंडा है। इससे लेट क्रेटेशियस पीरियड के दौरान घोंसले बनाने के तरीके, एम्ब्रियो के विकास और प्रजनन की दुर्लभ जानकारी मिल सकती है।

**क्यों दिलचस्प है ये खोज-** डिस्कवर मैगजीन ने बताया है कि मांसाहारी डायनासोर के फॉसिल



अंडे बहुत कम मिलते हैं। यही बात इसे खासतौर पर दिलचस्प बनाती है। यह अंडा आज के पतक्षियों के जैसा अंडाकार ना कि लंबी गर्दन वाले सॉरोपोड के गोल मोटे शेल जैसा है। इसका आकार और शेल पर अजीब निशान बताते हैं कि यह किसी ऐसी प्रजाति का हो सकता है जिसे हमने पहले नहीं देखा है। रिसर्च टीम को शुरू में लगा कि यह बोनापार्टेनिकस हो सकता है, जो एक छोटा लोकल थेरोपोड है लेकिन अब ऐसा होना मुश्किल लगता है। एग्नोलिन और उनके साथ काम करने वालों का मानना है कि यह एक अलग तरह का मांसाहारी डायनासोर हो सकता है। वे साल खत्म होने से पहले अंडे को माइक्रो-CT से स्कैन करने का प्लान बना रहे हैं।

**स्कैन से पता चलेंगी चीजें-** अंडे के स्कैन से पता चल सकता है कि अंदर कोई एम्ब्रियोनिक स्केलेटन है या नहीं। भले ही एम्ब्रियो पूरा न हो फिर भी यह उसके पोस्चर, ग्रोथ या उसके सांस लेने के सिस्टम के काम करने के तरीके का पता लगा सकता है। डायनासोर एम्ब्रियो दुनिया में कहीं भी बहुत कम मिलते हैं। अर्जेंटीना में भी पहले सिर्फ सॉरोपॉड एम्ब्रियो मिले हैं। इस एम्ब्रियो के अंदर अगर मांसाहारी एम्ब्रियो है तो इन शिकारियों के बारे में और जानने का यह एक बड़ा मौका होगा, जब वे अभी भी डेवलप हो रहे होंगे। डायनासोर के घोंसले बनाने के सबूत दिखाते हैं कि वे बच्चों को कैसे पालते थे। अंडे के पास से रोकासॉरस मुनियोजी के फॉसिल भी मिले हैं। इससे मांसाहारी डायनासोर के रिप्रोडक्टिव व्यवहार पर रोशनी पड़ सकती है।

New Delhi

# 'वोटिंग को अनिवार्य बनाने के लिए मजबूत तंत्र हो' NOTA पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए वोटिंग को अनिवार्य बनाने वाले तंत्र की आवश्यकता पर जोर दिया है। अदालत ने कहा कि ऐसा कोई गैर-दंडात्मक तंत्र बनाया जा सकता है, जिससे अधिक लोग वोट डालें, बेहतर उम्मीदवार सामने आएं और नोटा विकल्प धीरे-धीरे अप्रासंगिक हो जाए।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मंगलवार को कहा कि नोटा (None of the Above) का ऑप्शन बेहतर कैंडिडेट को मैदान में खींचने और वोटर को अपनी वोटिंग का इस्तेमाल करने के लिए बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था। कोर्ट ने कहा



कि एक दशक के अनुभव से पता चलता है कि बहुत कम प्रतिशत में वोटर्स इस ऑप्शन का इस्तेमाल करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी की एक PIL पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन इलाकों में नोटा को कैंडिडेट बनाने की बात कही गई थी, जहां सिर्फ एक कैंडिडेट मैदान में हो, ताकि यह पता चल सके कि अकेले कैंडिडेट पर वोटर का भरोसा है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि नोटा को कैंडिडेट बनाने के लिए, पार्लियामेंट को रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट में बदलाव करना होगा। सीनियर एडवोकेट अरविंद दातार ने कहा कि नोटा को कैंडिडेट के तौर पर बैलेट में रखने से पैसे और ताकत वाले कैंडिडेट अपने विरोधियों को मुकाबले से हटाने के लिए हिम्मत हारेंगे।

Uttarakhand

## खेलते समय हुआ झगड़ा, 12 साल के बच्चे के सिर में डंडा मारकर हत्या

### नाबालिग ने दिया वारदात को अंजाम



**रुड़की, (एजेंसी)** खेलते समय हुए झगड़े में एक नाबालिग ने दूसरे बच्चे के सिर में डंडा मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात के बाद से दोनों पक्षों में शांति व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की जा रही है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला चंदापुर में सोमवार दोपहर क्षेत्र के बच्चे आपस में आंबेडकर पार्क में खेल रहे थे। वहां बच्चों में किसी बात पर झगड़ा हो गया। इस बीच भानू (12) पुत्र बालेंद्र के सिर पर डंडे से वार किया गया। इसके बाद पार्क में मौजूद बच्चे वहां से भाग गए और भानू घर पहुंचा। वहां भानू ने परिवार को सिर पर डंडा लगने की बात कही और बेहोश हो गया। परिवार के लोग भानू को बीएसएम तिराहा स्थिति निजी अस्पताल ले गए।

वहां चिकित्सकों ने भानू को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मामूली बात पर हत्या होने से क्षेत्र में भी दहशत का माहौल है। इंस्पेक्टर मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने हत्यारोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्राथमिक पड़ताल में हत्यारोपी के नाबालिग होने की बात सामने आ रही है। वह खुद केस की पड़ताल कर हत्या के सही कारणों और अन्य पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

New Delhi

## नक्सलियों के टॉप कमांडर देवजी समेत चार ने किया आत्मसमर्पण, जल्द ही 50 नक्सली और करेंगे सरेंडर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश को 31 मार्च तक नक्सल फ्री करने के अभियान के तहत मंगलवार को नक्सलियों के टॉप-4 लीडरों में नंबर-1 पर देवजी उर्फ तिप्परी थिरूपति (62) और संग्राम उर्फ मल्ला राजी रेड्डी (76) ने अपने दो अन्य वरिष्ठ साथियों के साथ तेलंगाना पुलिस के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। देवजी और संग्राम 21 फरवरी की देर शाम की तेलंगाना पुलिस के संपर्क में आ गए थे। जिसके बाद मंगलवार को इनका आधिकारिक रूप से सरेंडर हुआ। इसके बाद आने वाले समय में 50 और नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने की बात सामने आ रही है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस अधिकारी नक्सलियों के इस ग्रुप के संपर्क में हैं। जो एनकाउंटर की जगह जल्द ही आत्मसमर्पण करने को तैयार हो रहे हैं। तेलंगाना पुलिस के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी ने एनबीटी को बताया कि देवजी और संग्राम के अलावा बड़े चोक्का राव उर्फ दामोदर उर्फ जगन और नूने नरसिम्हा रेड्डी उर्फ नरसिम्हा ने भी सरकार के सामने हथियार डाल दिए। उन्होंने बताया कि देवजी इससे पहले कभी नहीं पकड़ा गया। यह 44 साल से अंडरग्राउंड था।

New Delhi

## चार हत्याओं से दहली दिल्ली, पति ने पत्नी और तीन बच्चों को धारदार हथियार से उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली के समयपुर बादली के चंदन पार्क इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और तीन बच्चों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।**

शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह वीभत्स घटना दिल्ली के चंदन पार्क इलाके में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी पति ने किसी धारदार हथियार का इस्तेमाल कर अपने ही परिवार के सदस्यों की जान ले ली। मौके पर पहुंची पुलिस को घर के अंदर का दृश्य देखकर स्तब्ध रह गई। महिला और उसके तीन बच्चों के शव खून से लथपथ पड़े थे। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि सभी की गला रेतकर हत्या की गई है। हत्याओं के पीछे के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है और पुलिस इस दिशा में गहन जांच कर रही है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर सबूत जुटाए जा रहे हैं। फरार आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी पति के बारे में कोई सुराग मिल सके। पुलिस का कहना है कि आरोपी पति को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

खेल

## ब्रूक की कप्तानी पारी ने इंग्लैंड को दिलाया सेमीफाइनल का टिकट, पाकिस्तान के लिए बेहद कठिन हुई राह

**पल्लेकल, (एजेंसी)** इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप के बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को दो विकेट से हराया। इंग्लैंड के लिए कप्तान हैरी ब्रूक ने शतक लगाया, जिससे टीम लक्ष्य का पीछा सफलतापूर्वक कर सकी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 19.1 ओवर में आठ विकेट पर 166 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। इंग्लैंड के लिए ब्रूक ने सर्वाधिक 100 रन बनाए जिससे टीम ने सुपर आठ में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।



इंग्लैंड ने इस तरह सेमीफाइनल में जगह बना ली है, जबकि पाकिस्तान के लिए आगे की राह बेहद कठिन हो गई है। पाकिस्तान का पिछला मुकाबला बारिश में धुल गया था और अब उसका एक मैच शेष है। अगर पाकिस्तान की टीम ये मुकाबला जीत भी लेती है तो उसके तीन ही अंक होंगे। वहीं, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के पास पाकिस्तान को पीछे छोड़ने का मौका होगा। इंग्लैंड के लिए ब्रूक के अलावा कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

इंग्लैंड की सर्वाधिक बार लगातार टी20 विश्व कप के पहुंचने सेमीफाइनल वाली टीम बन गई है। इंग्लैंड ने लगातार पांचवीं बार ऐसा किया है। उसने इस मामले में पाकिस्तान और श्रीलंका को पीछे छोड़ा। पाकिस्तान और श्रीलंका ने लगातार चार बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इंग्लैंड की टीम 2016, 2021, 2022, 2024 और 2026 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शाहीन अफरीदी ने टीम को लगातार झटके दिए। शाहीन ने पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा और फिर जोस बटलर को आउट किया जो दो रन बनाकर आउट हुए। शाहीन ने फिर पावरप्ले के दौरान जैकब बेथेल को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। बेथेल आठ रन बनाकर पवेलियन लौटे। हालांकि, ब्रूक टिके रहे और उन्होंने जिम्मेदारी से खेलते हुए पारी आगे बढ़ाई। ब्रूक ने पहले 28 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और फिर 50 गेंदों पर शतक लगाया। ब्रूक टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले पहले कप्तान हैं। इतना ही नहीं, ब्रूक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2010 में भारत के खिलाफ 98 रन बनाए थे।

ब्रूक टी20 विश्व कप में लक्ष्य का पीछा करते हुए शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले एलेक्स हेल्स ने श्रीलंका के खिलाफ 2014 में, क्रिस गेल ने इंग्लैंड के खिलाफ 2016 में और पाथुम निसांका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2026 में ऐसा किया था। वहीं, ब्रूक टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं।

सिनेमा

## कभी मिलते थे 700 रुपये, अब करोड़ों में कॉमेडियन की कमाई, कपिल शर्मा शो से बदली जिंदगी



कीकू शारदा इंडिया के टॉप कॉमेडियन्स में शुमार किए जाते हैं. इस समय वो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में दिखाई दे रहे हैं. उनकी कॉमिक टाइमिंग और मजाकिया अंदाज को काफी पसंद किया जाता है. उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है. मगर यहां तक पहुंचने का सफर कीकू शारदा के लिए आसान नहीं रहा. उन्होंने काफी मेहनत की है. आइए एक नजर डालते हैं कीकू शारदा की जर्नी पर... कीकू शारदा ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी. उन्हें हर एक परफॉर्मेंस के लिए केवल 700 रुपये मिलते थे. उन्होंने काफी स्ट्रगल किया मगर कभी हार नहीं मानी. वो लगातार मेहनत करते गए और धीरे-धीरे लाइफ में आगे बढ़ते गए. कीकू को कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और द कपिल शर्मा शो से तगड़ी पहचान मिली. उन्हें दर्शकों को बेशुमार प्यार मिला. इन शोज से वो घर-घर में मशहूर हो गए. अब कीकू 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में दिखाई दे रहे हैं. वो राइज एंड फॉल में भी दिखे थे. रिपोर्ट्स की मानें तो कीकू शारदा शोज और फिल्मों से तगड़ी कमाई करते हैं. ब्रांड एंडोर्समेंट से भी उनकी तगड़ी कमाई होती है. रिपोर्ट्स के अनुसार, 2025 तक उनकी नेट वर्थ 33-40 करोड़ रुपये थी. हालांकि, हम इसकी पुष्टि नहीं करते हैं, क्योंकि कीकू ने कभी खुद से इस बारे में जानकारी नहीं दी है.

## Highlights

1. US sets 125.87% preliminary anti-subsidy duties on Indian solar imports
2. Any gold left in Sabarimala temple?: SC to accused who sought bail
3. Don't know what difference it makes: Tharoor as Cabinet approves Kerala's name change
4. Bishnoi gang threatens Congress MLA, says give ₹10 cr or face Baba Siddique's fate

# Tata Sons defers vote on Chairman Chandra's new term in sign of power tussle

**NEW DEIHI, (Agency).** The board of Tata Sons Pvt. Ltd. deferred a decision on granting a third term to Chairman Natarajan Chandrasekaran, people familiar said, in the latest sign that another leadership tussle could be brewing at India's oldest conglomerate.

The board of directors at Tata Group's holding company discussed the reappointment in a meeting on Tuesday but did not take a final call as the current term runs till February next year, said the people, who asked not to be identified as the information is not yet public.

The deferment follows a difference of opinion among board of directors regarding financial losses of certain business units, one person said. The Economic Times had reported this development earlier on Tuesday, days after the publication said Chandrasekaran was likely to get a third term.



The decision signals another round of power struggle at the coffee-to-cars group that was shaken a decade back when its patriarch Ratan Tata came back from retirement to oust his successor Cyrus Mistry, triggering the country's worst corporate battle.

A spokesperson for Tata Sons did not immediately respond to an email seeking comment. Tata Group had a tumultuous time last year with multiple crises including a deadly Air India crash, a Jaguar Land Rover cyberattack, and renewed tensions at Tata Sons' majority shareholder Tata Trusts, which is now led by Ratan's half-brother Noel Tata. If the 62-year-old Chandrasekaran—the first non-family, non-heir chairman at Tata Sons—eventually gets reappointed, it would provide leadership continuity for the group as it navigates headwinds across sectors.

For much of its 156-year history, Tata Group enjoyed unusually steady leadership, with chairmen drawn from within its trusted circle and transitions managed quietly.

# Indian IT set clock high single-digit growth in FY26 despite AI threat

**NEW DEIHI, (Agency).** India's IT sector is expected to grow in the high single digits in the ongoing fiscal and the next, even as AI threatens to structurally rework the industry itself.

Revenue of the IT services industry is likely to grow at 6.1% year-on-year to $315 billion in 2025-26, with a similar quantum of growth expected next fiscal, industry body Nasscom said on Tuesday. That growth will be driven by AI-led services as well as business at global capability centres. In FY24, the sector delivered a top line of $297 billion as against $283 billion estimated earlier.




The IT services industry is facing a double whammy of sorts, that of tepid demand and threats of disruption from AI tools. A selloff in Indian IT stocks has wiped out out nearly $50 billion in market capitalisation.

However, Tata Consultancy Services Ltd., Infosys Ltd. and HCLTech have signaled better demand for FY27, stemming from strong contract bookings and return of discretionary spending.

### IT Jobs

Additionally, the industry is expected to add 135,000 jobs on a net basis, taking the total headcount to 5.95 million in FY26, Nasscom said. That compares with 5.8 million in FY25 and 5.67 million in FY24.

"There is no question that the overall hiring from the campus has come down significantly from where it used to be," Nasscom President Rajesh Nambiar said.

# नगर निगम ने ढोल बजाकर लगाई बकायादारों की सूची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के राजवाड़ा पर नगर निगम ने ढोल बजाकर बकायादारों की सूची चस्पा की है। पोस्टर पर बकायादारों के नाम और कितनी राशि बकाया है यह जानकारी भी पोस्टर में बताई गई है।**

मंगलवार को नगर निगम की टीम पोस्टर लेकर राजवाड़ा पहुंची। यहां पर पोस्टर लगाने के साथ ही ढोल भी बजाया गया। जोन 3 के एआरओ अनिल निकम ने बताया कि विगत लोक अदालत में भी वार्ड 56, 57, 58 में बड़े बकायादारों की सूची की लिस्ट राजवाड़ा पर लगाई गई थी। उसका भी हमें अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। पिछली लोक अदालत में 100 करोड़ से ज्यादा का राजस्व आया था।

इसी तरह इस बार भी जो बड़े बकायादार है, जिन्हें कई बार उन्हें समझाइश दे चुके हैं, नोटिस जारी किए जा चुके हैं कि बकाया राशि जमा करा दें, लेकिन उन्होंने राशि जमा नहीं कराई है, इसलिए उनके नामों की सूची सार्वजनिक करते हुए राजवाड़ा और जोनल ऑफिस पर लगाई है। 14 मार्च को लोक अदालत है, इसलिए करदाताओं से अपील की है कि बकाया राशि लोक अदालत में जमा करा कर सरचार्ज में छूट का लाभ लें। लिस्ट में 57 लोगों के नाम हैं और 2 करोड़ रुपए की बकाया राशि बाकी है।




# 10 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ युवक पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने 10 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक बदमाश को पकड़ा है। उसने कार के आर्म्स रेस्ट बॉक्स में ड्रग्स छिपा रखी थी। ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख रुपए है। टीम सोमवार रात को उसे पकड़ने पहुंची तो वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने उसे घेराबंदी कर धरदबोचा। आरोपी से पूछताछ कर और भी जानकारी निकाली जा रही है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि टीम ने रुद्र एजेंसी बिल्डिंग के पास खाली मैदान में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा है। दरअसल, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। क्राइम ब्रांच की टीम शहर के विभिन्न इलाकों में संदिग्धों की तलाश करती है। इस दौरान सोमवार को शहर के रुद्र एजेंसी बिल्डिंग के पास खाली मैदान में एक व्यक्ति कार की ड्राइविंग सीट पर बैठा दिखा, जो पुलिस की गाड़ी को देखकर कार लेकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर रोका। उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम सूरज मिश्रा निवासी नंदबाग बताया। उस पर शंका हुई तो टीम ने उसकी तलाशी ली। जब कार की तलाशी ली तो आर्म्स रेस्ट बॉक्स में एक ट्रांसपेरेंट प्लास्टिक में 10 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। आरोपी के पास से 10 ग्राम ड्रग्स, एक कार और 1 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत 12 लाख 50 हजार है। आरोपी से शुरुआती पूछताछ में पता चला कि वह सस्ते में ड्रग्स खरीदकर नशे के आदी लोगों को महंगे दामों में बेचता है। आरोपी सूरज ड्राइवर का काम करता है और उसने 10 वीं क्लास तक ही पढ़ाई की है। टीम उससे पूछताछ कर ओर भी जानकारी निकाल रही है।

**इंदौर के डायल-112 हीरो**

# स्कूल के लिए तैयार होकर घर से निकलकर रास्ता भटकी दो बालिकाओं को डायल-112 जवानों ने परिजनों से मिलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। डायल-112 केवल आपात स्थितियों में सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों, महिलाओं और नागरिकों की सुरक्षा में मानवीय संवेदनशीलता का भरोसेमंद सहारा है। इंदौर जिले में डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से रास्ता भटकी दो मासूम बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाकर जन-सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।**



24 फरवरी को इंदौर के थाना एरोड्रम क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल वेयर हाउस के सामने दो बालिकाएँ मिलने की सूचना डायल-112 राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना में बताया गया कि दोनों बालिकाएँ घर का रास्ता भटक गई हैं तथा पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही थाना एरोड्रम क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ सउनि कैलाश मेडा, आरक्षक पुष्पेंद्र शर्मा एवं पायलट अजय प्रजापति ने दोनों बालिकाओं को अपने संरक्षण में लिया। बालिकाएँ स्कूल की यूनिफॉर्म में थीं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वे विद्यालय जाने की तैयारी में थीं। डायल-112 जवानों ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए संबंधित स्कूल से संपर्क किया, जहाँ से बालिकाओं के परिजनों की जानकारी प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही परिजन चौकी पहुँचे, जहाँ पहचान एवं सत्यापन उपरांत दोनों बालिकाओं को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिकाओं की माता उन्हें स्कूल के लिए तैयार कर बैग एवं टिफिन लेने घर के भीतर गई थीं, इसी दौरान बालिकाएँ खेलते-खेलते घर से बाहर निकल गईं और रास्ता भटक गईं। अपने बच्चों को सुरक्षित पाकर परिजनों ने डायल-112 जवानों का आभार व्यक्त किया। डायल-112 हीरोज द्वारा प्रदर्शित यह मानवीय कार्य पुलिस के प्रति समाज के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करता है।

# ट्राले ने मारी टक्कर... बीफार्मा के स्टूडेंट की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खुड़ैल रोड पर सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बीफार्मा के एक छात्र की मौत हो गई। देवगुराडिया रोड पर एक ट्राले ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल छात्र को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने ट्राला चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।**

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान जुनेद (24) पुत्र जावेद निवासी काजी पलासिया के रूप में हुई है। सोमवार दोपहर उसकी बाइक को ट्राले ने टक्कर मारी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद जुनेद को तत्काल एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। परिजनों के अनुसार जुनेद इंडेक्स कॉलेज में बीफार्मा अंतिम वर्ष का छात्र था। वह दवा बाजार की एक मेडिकल दुकान पर जाता था और आगे चलकर खुद की मेडिकल दुकान खोलना चाहता था। अप्रैल में उसकी डिग्री आने वाली थी। परिवार में उसके दो छोटे भाई हैं और पिता खेती करते हैं। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक ट्राले ने दो अन्य वाहन चालकों को भी टक्कर मारी थी। उन्हें मामूली चोटें आईं और पास के अस्पताल से उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक